## सार-समाचार

### नीट में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान

**रतनगढ़** (निसं)। शहर में नायक समाज के पहले डॉक्टर वो भी एक साथ दो-दो का चयन। अध्यापक राकेश कुमार नायक ने बताया कि नीट परीक्षा के परिणाम में रतनगढ शहर से पहली बार चयनित हुए वो भी एक साथ दो-दो। जतिन नायक पुत्र अनिल नायक का 490 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 64178 रैंक और श्रेणी में 1821 रैंक और रोहिताश नायक पुत्र नाथूराम नायक ने 444अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 131271 रैंक और श्रेणी में 5636 रैंक प्राप्त नीट परीक्षा में चयनित होने पर समाज के प्रबुद्ध जन प्रधानाचार्य मुंशीलाल नायक, राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र नायक, नायक महासभा युवाप्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर भागीरथ नायक हरदेसर, राकेश नायक ने समाज की प्रतिभाओं का उनके घर जाकर तिलक कर, माला पहनाकर, साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत और अभिनन्दन किया। प्रधानाचार्य मुंशीलाल ने प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपने समाज को गौरवान्वित किया है आपका परिणाम प्रेरणा देने वाला है इससे समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।जतिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा जी श्याम लाल नायक सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर,माता पिता और गुरुजनों को दिया। वहीं रोहिताश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादाजी मोहनराम नायक सेवानिवृत्त रेलवे जमादार के द्वारा दिए गए आत्मविश्वास और माता पिता तथा गुरुजनों को दिया। इस अवसर पर गीता देवी,मंगतुराम नायक आदि उपस्थित रहे।

### आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**चूरू** (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डाइट में बुधवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व डाइट प्राचार्य गोविंद सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में डाइट के वार्षिक पंचाग की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। राठौड ने बताया कि डाइट की ओर से आगामी शैक्षिक सत्र के लिये डिजिटल मोड में पंचांग तैयार किया गया है। पीएण्डएम प्रभाग अध्यक्ष ओम प्रकाश कस्वां ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। उप प्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय ने डिजिटल बोर्ड का उपयोग करते हुए डिजिटल पंचांग को डाइट की साइट से ओपन कर सभी के समक्ष प्रदर्शित किया। आई.एफ.आई.सी. प्रभागाध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी शेखावत ने प्रभाग के शोध कार्य को डिजिटल मोड़ में प्रदर्शित किया। संदर्भ व्यक्ति सचिन ढांडा ने डिजिटल बोर्ड के माध्यम से डाइट के नवाचार प्रदर्शित किये। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ओम प्रजापत ने आगामी सत्र में प्रशिक्षण कार्य को अत्यधिक सटीक व सार्थक बनाने की जानकारी दी। इस अवसर पर डीआरयू प्रभागाध्यक्ष प्रसन्ना मीणा, आठवीं बोर्ड परीक्षा प्रभारी भीष्म सारण, पांचवीं बोर्ड परीक्षा प्रभारी ओम प्रकाश बारूपाल, सुजानगढ़ सीबीईओ सुनीता, रतनगढ़ सीबीईओ संदीप व्यास, राजगढ़ सीबीईओ सुमन जाखड़, सरदारशहर सीबीईओ अशोक पारीक, चूरू सीबीईओ भंवरलाल डूडी, तारानगर एसीबीईओ बाबूलाल बुनकर आदि ने आगामी शैक्षिक वर्ष में पंचाग के अनुसार प्रशिक्षण के लिये अपने विचार प्रस्तुत किए।

### नाबालिग बालिका के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण करने के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी थी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज होने के महज 12 घंटे में युवती को दस्तयाब कर लिया था। थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग बेटी को साहिल नाम का युवक उसको जबरदस्ती उठाकर के ले गया। इस दौरान उसने धमकी दी कि लड़की को उसके साथ रहना पडेगा नही तो वह जान से मार देगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाहक एसपी देवेन्द्र सिंह राजावत ने थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी तथा मुखबीर की सूचना पर सिंघाना के रेलवे कालोनी में दबिश देकर नटों का मौहल्ला निवासी साहिल पुत्र हमीद खान को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि युवती को पहले ही दस्तयाब कर लिया गया था। गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी रामसिंह यादव, एएसआई रामपत यादव, कांस्टेबल सुशील कुमार, सुमन आदि शामिल थे।

### योग दिवस को लेकर पीले चावल बांटे

**चूरू** (निसं)। जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग की ओर से शनिवार 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयुर्वेद उपनिदेशक सत्यवीर सिंह ने बताया कि योग दिवस को लेकर बुधवार को शहर के अनेक स्थानों पर विभाग के कर्मचारियों ने पीले चावल व निमंत्रण-पत्र देकर आमजन से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि योग दिवस को लेकर होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर विभाग की ओर से पिछले एक महीने से योगाभ्यास शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर के नेचर पार्क, अग्रसेन पार्क, आपणी पाठशाला व योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र चूरू में योग शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उपनिदेशक ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जिले के स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संस्थाओं, कार्यालयों और विभिन्न संगठनों से सम्पर्क किया जा रहा है।

### साधना शिविर 22 जून से 27जून तक

**पाटन** (निसं)। विशेष जिज्ञासु एवं मुमुक्षुओं के लिए बहुत शानदार खबर सुनने को मिली है कि 22 जून 2025 से 27 जून 2025 तक बरडा बोपिया, सूरजधाम में ध्यान साधना शिविर का आयोजन होने जा रहा है।इस शिविर में निम्नलिखित विशेष कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। जिसमें योगिक दिनचर्या एवं व्यायाम,प्राणायाम एवं स्वर विज्ञान, विद्यार्थियों के सु-चरित्र निर्माण हेतु प्रेरणात्मक अभ्यास,साधकों के लिए शुषुम्ना व कुण्डलिनी जागरण साधना, दिव्य दृष्टि योग का अभ्यास,शील, समाधि एवं आत्मशुद्धि के लिए विशेष साधनाएँ,व्यक्तिगत शंका समाधान सत्र के बारे में अभ्यास कराया जाएगा।सभी साधक समय पर पधार कर इस आत्मोन्नितपरक साधना शिविर का लाभ प्राप्त करें।

### सी.बी.ई.ओ. को ज्ञापन सौंपा

**रतनगढ़** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रतिनिधिमंडल द्वारा ब्लॉक सचिव भोजराज शर्मा के नेतृत्व में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास से मुलाकात कर शिक्षकों के विभिन्न लंबित प्रकरणों को लेकर वार्ता की तथा शिक्षाकर्मी व पैराटीचर के वेतन में विभागीय आदेशानुसार वृद्धि करने व एरियर बनाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। सीबीईओ द्वारा सभी लंबित प्रकरणों को अति शीघ्र निवारण करने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, वरिष्ठ शिक्षक नेता चौथमल चिनिया, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश चौधरी,संयुक्त मंत्री महेंद्र हुड्डा, सभाध्यक्ष रामचंद्र ऐचरा, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश अग्रवाल, बजरंग बिस्सू, महावीर सारण आदि उपस्थित रहे।

### जिला कलेक्टर सुराणा ने योग प्रोटोकॉल पोस्टर का विमोचन किया

**चूरू** (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को जिला कलेक्टर चेंबर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिलेभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों की समन्वित भागीदारी हो तथा प्रत्येक विभाग अपनी विभागीय गतिविधियों का समयबद्ध संपादन सुनिश्चित करें। कार्यक्रमों में आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने योग प्रोटोकॉल पोस्टर का विमोचन कर सभी को योग दिवस पर योगाभ्यास करने पर बल दिया। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ दुर्गा ढाका, वाटरशेड एसई मजहर हुसैन, आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### नशे के विरुद्ध शपथ कार्यक्रम आज

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर को प्रभावी रूप से मनाने तथा आमजन में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 19 जून 2025 गुरूवार को जिले में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें धर्मगुरु, योग साधक, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, लोक कलाकार तथा अन्य गणमान्य नागरिक भाग लेंगे। यह कार्यक्रम नशे के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान के तहत आयोजित किया जायेगा।

# जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने दीनारपुरा में वर्षा जल संचयन कार्यक्रम का उद्घाटन किया

**सीकर,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण के आव्हान पर पूरे देश में चल रही मुहिम को एक नई गति देते हुए, 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' के तहत सीकर निवासी और सूरत प्रवासी भामाशाह सत्येन सोमानी द्वारा विष्णु मालपानी की मौजूदगी में स्थानीय इकाई रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को दादिया पंचायत के दीनारपुरा गांव में वर्षा जल संचयन के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने किया। उन्होंने जल संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए आज से ही इस कार्य में सक्रिय प्रयास करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए भामाशाह सत्येन सोमानी व रोटरी क्लब को साधुवाद दिया। जिला कलेक्टर ने वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जन सहभागिता की अपील भी की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने पूर्व में ही सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, संगठनों और प्रवासी राजस्थानियों से अपनी जन्मभूमि पर जल संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की थी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जल को बनाया नहीं जा सकता, केवल बचाया जा सकता है। इसी सिद्धांत पर आधारित यह अभियान गांव-गांव में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने पर केंद्रित है, जिससे भूमिगत जल स्तर में सुधार होगा और कृषि एवं पीने योग्य जल की समस्या का समाधान होगा।



दादिया पंचायत के दीनारपुरा गांव में वर्षा जल संचयन के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

जल संरक्षण के बहुमूल्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए सत्येन सोमानी ने बताया कि भूजल स्तर में सुधार, वर्षा जल का सही उपयोग, पेयजल की निरंतर आपूर्ति, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना जल संरक्षण के मुख्य लाभ हैं। सत्येन सोमानी ने बताया कि सीकर नागरिक परिषद सूरत द्वारा इस अभियान में और भी सहयोग किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक सी.ए. सुनील मोर व लक्ष्मीकांत बियानी ने जानकारी दी कि अभियान के तहत, गांव में रिचार्ज बोरवेल का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जिससे वर्षा जल को भूमि में समाहित किया जा सकेगा। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संकट से निपटने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। यह केवल एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक सामाजिक जागरूकता की शुरुआत है जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। इससे पूर्व हरदयालपुरा, सिंहासन, गुंगारा, कुशलपुरा, दादिया, व कटराथल में जल संचयन सरंचना का निर्माण हो चुका है।

रोटरी क्लब अध्यक्षा चंपा सोनी ने इस अवसर पर कहा कि रोटरी क्लब समाज के लिए सतत सेवा कार्यों में सक्रिय है और यह जल संरक्षण अभियान उनके क्लब की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि क्लब की ओर से तकनीकी सहयोग और जन-जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। रोटरी क्लब सचिव डॉ. अनीता राठी ने इस बात पर जोर दिया कि जल संरक्षण न केवल वर्तमान की आवश्यकता है, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के लिए एक उपहार भी है। उन्होंने बताया कि क्लब की महिला सदस्यों की भी इस अभियान में भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि घर-घर में जल संरक्षण की भावना जागृत हो।

इस अवसर पर मौजूद डॉ. जी.एल. राठी ने सभी से अपील की कि जल की महत्ता को समझें और इसे बचाने के लिए आगे आएं, क्योंकि "जल है तो कल है-जल बचाओ, जीवन बचाओ यह हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है कि हम मिलकर इस महत्वपूर्ण कार्य को आगे बढ़ाएं।

कार्यक्रम में डॉ. दिव्या कचोलिया, डॉ अमर सिंह कविया, सी.ए. सुशील अग्रवाल, सी.ए. संजय कुमावत ने अतिथियों का माला पहना कर स्वागत एवं साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक दिनेश शर्मा, पूनम शेरावत, प्रदीप शर्मा एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमर सिंह कविया ने किया।

## विधायक ने जनसुनवाई की

**रतनगढ़** (निसं)। विधायक पूसाराम गोदारा ने शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय विधायक आवास पर जनसुनवाई की। विधानसभा क्षेत्र रतनगढ़ के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी जनसमस्याएं लेकर विधायक की जनसुनवाई में पहुंचे ।विधायक ने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनकर जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान पार्षद कयूम गौरी ने वार्ड नंबर 12 में कम वोल्टेज से वार्डवासियों की परेशानी से अवगत करवाते हुए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की, एवं पेयजल सप्लाई नियमित रूप से नहीं होने से आमजन को हो रही परेशानी से अवगत करवाया, अरविंद चाकलन ने वार्ड नंबर 6 में बालिका विद्यालय के पास नाले अवरुद्ध से पानी निकासी नहीं होने से हो रही परेशानी के मुद्दे को जनसुनवाई के दौरान रखा। साथ ही जिला परिषद सदस्य राजकुमार सियाग ने गांव दीपससर भूखेडी, धातरी, रामपुर छापर ढाणी रिणवा, में कम वोल्टेज एवं पेयजल सप्लाई बाधित रहने से सम्बन्धित समस्याओं को अवगत करवाया, साथ ही ग्राम सिमासिया में जलभराव होने से आमजन को आवागमन में हो रही परेशानी की जानकारी जनसुनवाई के दौरान दी गई। जिसपर विधायक ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करके कम वोल्टेज वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, पेयजल सप्लाई को सुदृढ़ करने, जलभराव के स्थानों पर तत्काल पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# जल और पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी, वंदे गंगा अभियान को बनाएं जनआंदोलन : मंत्री दिलावर

**सीकर,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को लक्ष्मणगढ़ उपखण्ड के लालासी ग्राम पंचायत के बऊ धाम में सरोवर पूजन कर श्रमदान किया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को गति देने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने तालाबों, बावडियों और एनिकटों की साफ-सफाई, मरम्मत और कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया ताकि मानसून में जल संचयन बढ़ाया जा सके।



शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने लालासी ग्राम पंचायत के बऊ धाम में सरोवर पूजन कर श्रमदान किया।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हमारे प्राचीन साहित्य में जल, अग्नि और वायु को भगवान का दर्जा दिया गया है। भारत में विश्व का मात्र 4 प्रतिशत शुद्ध जल है, जबकि जनसंख्या 16 प्रतिशत है। राजस्थान में देश का 10.4 प्रतिशत क्षेत्र होने के बावजूद पानी केवल 1 प्रतिशत है। उन्होंने चिंता जताई कि 150 प्रतिशत की दर से भूजल दोहन हो रहा है। "पानी का दुरुपयोग मानवता के लिए खतरा है। हमें इसे संरक्षित करना होगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पेड़ प्रदूषण रोकने में अहम हैं। राजस्थान में अमृता देवी के नेतृत्व में 363 लोगों ने पेड़ों के लिए बलिदान दिया था। उन्होंने पॉलीथीन के उपयोग को पूरी तरह बंद करने की अपील की, क्योंकि इससे हर साल 7.5 लाख लोग प्रभावित होते हैं। पंचायती राज विभाग ग्राम पंचायतों को साफ-सफाई के लिए हर माह 1 लाख रुपये दे रहा है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को निलंबन की चेतावनी भी दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल 7 करोड से अधिक पौधे लगाए गए और इस साल 10 करोड का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं, यह भावी पीढियों को स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण देने का प्रयास है।

खंडेला विधायक सुभाष मील ने गांवों के जोहड़ों और तालाबों में वाटर रिचार्जिंग स्ट्रक्चर बनाने की बात कही। धोद विधायक गोवर्धन वर्मा ने सामूहिक प्रयास से जल संरक्षण और पौधारोपण की जरूरत बताई। उन्होंने सुझाव दिया कि दोपहिया वाहन चालकों को 20, चारपहिया चालकों को 30 और एसी उपयोग करने वालों को अनिवार्य रूप से 50 पेड़ लगाने चाहिए।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में शिक्षा मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने बावड़ियों, तालाबों और एनिकटों के कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने और उनकी मरम्मत के लिए बजट की कमी न होने की बात कही। अधीक्षण अभियंता (वाटरशेड) रमेश कुमार मीणा व अधिशाषी अभियंता (सिंचाई) नथमल खेदड़ ने अभियान की अब तक की प्रगति से अवगत करवाया।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, पूर्व सांसद सीकर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, दिनेश जोशी, नवरंग चौधरी, भाजपा अध्यक्ष मनोज बाटड, लालासी ग्राम प्रशासक सुचित्रा गढवाल, लक्ष्मणगढ़ एसडीएम मौहर सिंह मीणा, कमल सिखवाल, जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार

**पाटन** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने जमीनी विवाद के चलते हुई हत्या के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर सीकर जिला कारागृह भेज दिया है, जबकि दो नाबालिग आरोपियों को किशोर सम्प्रेषण गृह सीकर में निरुद्ध किया गया है।थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि यह घटना 14 जून 2025 को पाटन क्षेत्र की कुडी की ढाणी में घटित हुई। खेत की जुताई को लेकर चाचा-भतीजे के बीच विवाद हो गया, जो बाद में खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। आरोप है कि सचिन कुमार यादव और अजय यादव ने अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अशोक कुमार यादव, मुकेश कुमार और उनकी पत्नी ज्योति पर लाठियों और कुल्हाड़ियों से हमला कर दिया।इस हमले में अशोक कुमार यादव को गंभीर चोटें आईं, जिनके चलते उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वहीं, मुकेश कुमार और उनकी पत्नी ज्योति भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।पीड़ित पक्ष की ओर से मुकेश कुमार द्वारा पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 126(2), 115(2), 110, और 189(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सचिन कुमार यादव, अजय यादव, कमलेश देवी और मनीषा को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही दो नाबालिग आरोपियों को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियारों को भी बरामद कर लिया है। फिलहाल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज़ कर दी गई है और शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चिकित्सालय में महिला की मौत के बाद उसके आभूषण गायब

**नोहर,** (निसं)। स्थानीय राजकीय उप जिला चिकित्सालय नोहर में मानवता को शर्मशार करने का मामला सामने आया। घटना के अनुसार मृत महिला के शरीर से सोने के आभूषण गायब हो गये। घटना सोमवार रात्रि की बताई जाती है। घटना के अनुसार संयुक्त व्यापार संघ के महामंत्री व किरयाना व्यापार संघ के के अध्यक्ष पवन कन्दोई ने बताया कि उनके बड़े भाई किरयाना व्यापारी अशोक कुमार कंदोई की पुत्र वधू रेखा कंदोई की तबीयत बिगड़ने पर सोमवार को नोहर उप जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जिनका देर रात्रि को निधन हो गया। निधन के बाद शव को मोर्चरी रूम में रखवाया गया। रात्रि को परिजन जब शव की सार-संभाल करने गये तो ये देखकर उनके होश उड़ गये कि मृतक रेखा कन्दोई के पहने आभूषण गायब थे। परिजनों को रेखा देवी के हाथ में पहने सोने के कंगन मिले लेकिन उनके गले में पहनी सोने की चैन और अंगूठी नहीं मिली। परिजनों के अनुसार मृतका रेखा देवी के हाथों में सूजन आने के कारण उसके कंगन निकले नही। जिस कारण आभूषण ले जाने वाला कंगन ले जाने में नाकामयाब रहा। जिसके बाद परिजनों द्वारा उप जिला चिकित्सालय प्रशासन को मंगलवार सुबह अवगत कराया गया। जिसके बाद चिकित्सालय में अनेक जगह सीसीटीवी फुटैज खंगाले गये। मगर कोई सुराग नही मिला। मृतक महिला के शरीर से जो सोने के आभूषण गायब हुये उसकी कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई गई है। परिजनों ने बताया कि बुधवार को इस संबंध में नोहर पुलिस थाना में परिवाद देकर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उधर उप जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. हंसराज शर्मा ने बताया कि चिकित्सालय प्रशासन स्तर पर मामले की जांच कि जा रही है। अलग-अलग जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटैज देखा जा रहे है।

# गाड़ी लूट मामले के दो बदमाश बापर्दा गिरफ्तार, वारदात व लूटी कार बरामद

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने 9 जून को राजगढ़ और सरदारशहर में हुई गाडी लूट की वारदातों का बुधवार को खुलासा किया है। जिसमे बुधवार को राजगढ थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को पंजाब से बापर्दा गिरफ्तार कर लिया है।

दोपहर 3 बजे दी जानकारी के अनुसार 10 जून को दर्ज मामले में 9 जून 2025 की रात्रि को तारानगर राजगढ़ रोड पर न्यांगली गांव के तनोट माता मंदिर के पास से एक कार चालक नरेश कुमार उम्र 43 साल निवासी गगोर से चार अज्ञात बदमाशो ने लाठी डंडों व चाकू से हमला कर कार और नकदी लूट कर ले गए थे।

तथा इसी रात को सरदारशहर में भी ऐसी ही घटना को अंजाम दिया गया था। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देश पर टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों का पता लगाया।

राजगढ थानाधिकारी राकेश कुमार सिहाग व अनुसंधान अधिकारी धर्मेंद्र सिंह एसआई ने बताया कि पुलिस ने राजपुरा, पंजाब से बघेल सिंह पुत्र स्व. अमरीक सिंह राजपूत सिख उम्र 38 खराजपुर पीएस राजपुरा जिला पटियाला पंजाब और मंदीप उर्फ मैक्सी पुत्र सुखविंद्र सिंह जट सिख उम्र 33 साल कस्बा राजपुरा जिला पटियाला पंजाब को बापर्दा गिरफ्तार किया।

दोनों से लूटी गई कार और घटना में इस्तेमाल की गई कार को भी पुलिस ने बरामद कर ली गई। दोनों आरोपी नशे के आदी हैं। इनके खिलाफ मारपीट, लूट, हत्या और एनडीपीएस एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। बघेल सिंह हत्या के खिलाफ एक मामले में 8 साल की सजा काट चुका है। मंदीप उर्फ मैक्सी का पिता पंजाब पुलिस में अधिकारी रह चुका है। कार्यवाही में राजगढ़ थाना पुलिस में थाना राजगढ टीम सदस्य राजेश कुमार पुलिस निरीक्षक, सुनिल कुमार हैडकानि, पवन कुमार कानि, संदीप कुमार कानि, अमरसिंह कानि व रमाकान्त कानि साईबर सैल चूरू आदि शामिल थे।

ज्ञात रहे कि मामले में पुलिस ने सादा वस्त्रों में भेष बदलकर गली मोहल्लों व लोगो से गुप्त रूप से जानकारी जुटाई तथा लगातार चार दिन तक कडी मेहनत कर सभी आरोपियों को नामजद किया गया जिनमे पुलिस ने दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## महिला अधिकारिता विभाग ने 18वां स्थापना दिवस मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान में महिला अधिकारिता विभाग की स्थापना ठीक 18 साल पहले 18 जून 2007 को हुई थी। जिसका 18वां स्थापना दिवस बुधवार को झुंझुनूं के सूचना केंद्र सभागार में मनाया गया। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ रणजीत गोदारा, महिला अनुसंधान सैल के एएसपी हेमंत कुमार, अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रेरणा कालेर, अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रियंका लांबा, एपीआरओ विकास चाहर, आईसीडीएस के उप निदेशक बिजेंद्र सिंह राठौड़ तथा सीडीपीओ मंजू मील आदि अधिकारी बतौर अतिथि मौजूद थे। इस मौके पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे और महिला अधिकारिता विभाग की स्थापना के बाद आए बदलाव की जानकारी दी। विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि इस विभाग का उद्देश्य था कि ऐसा विभाग स्थापित हो।

## डॉक्टर का सम्मान

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ स्थित केपीएस उ.मा.विधालय रतनगढ़ की पूर्व छात्रा निरमा पडगड पुत्री श्री नेमीचन्द पडगड 2025 प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक में 4177 तथा राजस्थान में 1573 वी रैंक प्राप्त कर मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की इस पर विधालय के निदेशक सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी।


**कार्यालय अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट, नीमकाथाना**

यह कि रघुवीर स्वामी पुत्र श्री मांगूराम जाति स्वामी निवासी कीतपुरा तहसील नीमकाथाना जिला सीकर राजस्थान ने अपना अभिभाषक नियुक्त कर निम्न प्रकार सूचना प्रकाशित कराने हेतु अधिकृत किया है कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र संजय स्वामी एवं पुत्रवधु रितु रानी मेरी अभिभाष्य के कहे अनुसार कार्य नहीं कर, अपनी मनमर्जी से कार्य करते है। अनैतिक आचरण करते है तथा गलत संगत में रहते है। इस कारण आज दिन मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र संजय स्वामी एवं पुत्रवधु रितु रानी से तमाम संबंध विच्छेद कर लिये है। मेरे अभिभाष्य का संजय स्वामी एवं पुत्रवधु रितु रानी से कोई संबंध सरोकार नहीं है। मेरे अभिभाष्य की चल-अचल संपति में संजय स्वामी एवं पुत्रवधु रितु रानी का कोई हक अधिकार नहीं होगा। यदि संजय स्वामी एवं पुत्रवधु रितु रानी किसी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का व्यवहार करेगा, तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्य की जिम्मेदारी नहीं होगी।

अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट, नीमकाथाना


## अभियान के तहत पौधारोपण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत लगातार कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। आमजन को ना केवल बारिश के पानी संरक्षण, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिला मुख्यालय के साथ लगते बीड़ क्षेत्र में स्थित लव कुश वाटिका में पौधारोपण किया गया। जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि के आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के जिला संयोजक विश्वंभर पूनियां समेत अन्य जनप्रतिनिधियों तथा वन विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। रेंजर विजय फगेडिया ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर लव कुश वाटिका में पौधारोपण किया। इसके बाद जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि ने सभी को जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए और भविष्य की चिंता करते हुए जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए जो मुहिम शुरू की है।

# सांसद राहुल कस्वां ने रेल मंत्री से मुलाकात की

■ चूरू संसदीय क्षेत्र के रेलवे सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की

**चूरू** (निसं)। सांसद राहुल कस्वां ने मंगलवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर चूरू संसदीय क्षेत्र से जुड़े रेलवे सम्बन्धित विषयों पर चर्चा की।

उन्होंने रेल मंत्री जी रींगस से खाटूश्याम जी तक प्रस्तावित नई रेलवे लाइन को आगे बढाने के लिये कहा; ताकि एक धार्मिक कॉरिडोर बन सके। सांसद ने बताया कि यदि रींगस से खाटूश्याम जी रेलवे लाइन को जीण माता-सांगलिया धूणी- श्री सालासर बालाजी धाम-श्रीडूंगर बालाजी (द्रोण पर्वत)-सुजानगढ-बीदासर-मुकाम धाम-देशनोक तक आगे बढ़ाया जाता है तो देशभर से आने वाले करोड़ों श्रध्दालुओं को बडा लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि रींगस से खाटू श्याम जी तक और फिर रशीदपुरा खोरी स्टेशन से सालासर धाम तक दो भागों में नई रेल लाइन निर्माण की डीपीआर तैयार करने की जानकारी हमें मिली है। ऐसे में खाटू श्याम जी में जाकर यह रेल लाइन समाप्त हो जायेगी और आगे की कनेक्टिविटी नहीं होने से यह प्रौजेक्ट बिल्कुल महत्वहीन हो जायेगा।

अतः इस डीपीआर निर्माण के कार्य पर तुरंत पुनर्विचार की आवश्यकता है और संशोधित डीपीआर रींगस से जीण माता-सांगलिया धूणी- श्री सालासर बालाजी धाम-श्रीडूंगर बालाजी (द्रोण पर्वत)-सुजानगढ़-बीदासर-मुकाम धाम-देशनोक तक बनाकर इस प्रौजेक्ट को स्वीकृति दी जाए।

सांसद कस्वां ने कहा कि हनुमानगढ में नवनिर्मित वॉशिंग लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसके संचालन की स्वीकृति हेतु फाईल रेलवे बोर्ड आई हुई। अतः जरूरी निरीक्षण अतिशीघ्र करवाकर इस फाईल को स्वीकृत कर वॉशिंग लाइन को शुरू किया जाए; ताकि क्षेत्र को लम्बी दूरी की ट्रेनें मिल सकें। इसके अलावा सांसद ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ( ) लुधियाना (पंजाब) से दानकुनी (पश्चिम बंगाल) तक एवं जेएलएनपोर्ट (मुंबई) से दादरी (उत्तर प्रदेश) जो मालभाड़े का बड़ा नेटवर्क है। इन दोनों को जोड़ने के लिये सरदारशहर से नोहर के रास्ते सिरसा तक नई रेल लाइन का सर्वे करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि ये बहुत महत्वपूर्ण मार्ग साबित होगा जो को नई कनेक्टिविटी देने के साथ-साथ राजस्थान व हरियाणा के बडे क्षेत्र को लाभान्वित करेगा।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक :- एफ.3/कृभू./न.पा.रा./2025/762 दिनांक :- 17.06.2025

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जा रहा है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में निम्नलिखित भूखंडों का नियमन आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर किया जाना है। अत. नीचे अंकित किये गये नामों/रकबों के संबंध में के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो, तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 07 दिवस के अंदर-अंदर नगरपालिका के कमरा नं. 01 में प्रस्तुत करे। अनयथा बाद गुजरने मियाद उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नियमन कर पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त सूची में दर्शाये गये क्षेत्र का पूर्व में नियमन कर पट्टा जारी होना पया गया, तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। नगरपालिका किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। सूचित रहे।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भूखंड सं. | साईज | भूखंड की प्रकृति | कॉलोनी का नाम | कॉलोनाईजर का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री पवन कुमार पुत्र श्री शंकर लाल भार्गव साकिन चूरू | 47 | 25X 45'9" | आवासीय | सुडा आवासीय कॉलोनी द्वितीय चक 17 डीडब्ल्यूडी | श्री रतनसिंह /कानसिंह |
| 2. | श्री अमर पुत्र श्री बनवारीलाल साकिन हनुमानगढ़ | 69 | 25X50 | आवासीय | पारीक कॉलोनी 18 डीडब्ल्यूडी | स्वप्रेरित कार्यवाही |
| 3. | श्री विजेन्द्र स्वामी पुत्र श्री कृष्ण लाल स्वामी साकिन रावतसर | 76 | 25X50 | | | |
| 4. | श्री अस्त अली पुत्र श्री अमिन खां साकिन रावतसर | 109 | 25X50 | आवासीय | सूर्य नगर 17 डीडब्ल्यूडी | सरदाराराम /पहनवानाराम बाजीगर |
| 5. | श्री भीमराज पुत्र श्री आत्माराम जाति सुथार साकिन 5 एएम रावतसर | 61 | 30X60 | आवासीय | श्री शिव बालाजी कॉलोनी 06 एएम | श्री देवीलाल /थमनराम मेघवाल |
| 6. | श्री भीमराज पुत्र श्री आत्माराम जाति सुथार साकिन 5 एएम रावतसर | 62 | 30X60 | | | |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर